

VISIONIAS
INSPIRING INNOVATION

PT 365

# न्यूज़ थ्रू मैप्स

अहमदाबाद | बेंगलूरु | भोपाल | चंडीगढ़ | दिल्ली | गुवाहाटी | हैदराबाद | जयपुर | जोधपुर | लखनऊ | प्रयागराज | पुणे | राँची

SANDHAN

VISIONIAS INSPIRING INNOVATION

# संधान के जरिए पर्सनलाइज्ड तरीके से UPSC प्रीलिम्स की तैयारी कीजिए

## (ऑल इंडिया GS प्रीलिम्स टेस्ट सीरीज के तहत पर्सनलाइज्ड टेस्ट सीरीज)

**UPSC प्रीलिम्स की तैयारी के लिए सिर्फ मॉक टेस्ट देना ही काफी नहीं होता है; बल्कि इसके लिए स्मार्ट तरीके से टेस्ट की प्रैक्टिस भी जरूरी होती है।**

**अभ्यर्थियों की तैयारी के अलग-अलग स्तरों और उनकी जरूरतों को ध्यान में रखते हुए, हमने संधान टेस्ट सीरीज को डिजाइन किया है। यह ऑल इंडिया GS प्रीलिम्स टेस्ट सीरीज के तहत ही एक पर्सनलाइज्ड टेस्ट सीरीज है।**

## संधान की मुख्य विशेषताओं पर एक नज़र

**प्रश्नों का विशाल संग्रह:** इसमें UPSC द्वारा विगत वर्षों में पूछे गए प्रश्नों (PYQs) के साथ-साथ VisionIAS द्वारा तैयार किए गए 15,000 से अधिक उच्च गुणवत्ता वाले प्रश्न उपलब्ध हैं।

**पर्सनलाइज्ड टेस्ट:** अभ्यर्थी अपनी जरूरत के अनुसार विषयों और टॉपिक्स का चयन करके पर्सनलाइज्ड टेस्ट तैयार कर सकते हैं।

**प्रश्नों के चयन में फ्लेक्सिबिलिटी:** अभ्यर्थी टेस्ट के लिए Vision IAS द्वारा तैयार किए गए प्रश्नों या UPSC के विगत वर्षों के प्रश्नों में से चयन कर सकते हैं।

**समयबद्ध मूल्यांकन:** अभ्यर्थी परीक्षा जैसी स्थितियों को ध्यान में रखते हुए तय समय-सीमा में टेस्ट के जरिए अपने टाइम मैनेजमेंट स्किल का मूल्यांकन कर उसे बेहतर बना सकते हैं।

**प्रदर्शन में सुधार:** टेस्ट में अभ्यर्थी के प्रदर्शन के आधार पर, सुधार की गुंजाइश वाले क्षेत्रों पर पर्सनलाइज्ड फीडबैक दिया जाएगा।

**स्टूडेंट डैशबोर्ड:** स्टूडेंट डैशबोर्ड की सहायता से अभ्यर्थी हर विषय में अपने प्रदर्शन और ओवरऑल प्रगति को ट्रैक कर सकेंगे।

## संधान के मुख्य लाभ

**अपनी तैयारी के अनुरूप प्रैक्टिस:** अभ्यर्थी अपनी जरूरतों के हिसाब से विषयों और टॉपिक्स का चयन कर सकते हैं। इससे अपने मजबूत पक्षों के अनुरूप तैयारी करने में मदद मिलेगी।

**पर्सनलाइज्ड असेसमेंट:** अभ्यर्थी अपनी आवश्यकता के अनुसार टेस्ट तैयार करने के लिए Vision IAS द्वारा तैयार प्रश्नों या UPSC में पिछले वर्षों में पूछे गए प्रश्नों का चयन कर सकते हैं।

**कॉम्प्रिहेंसिव कवरेज:** प्रश्नों के विशाल भंडार की उपलब्धता से सिलेबस की संपूर्ण तैयारी सुनिश्चित होगी।

**लक्षित तरीके से सुधार:** टेस्ट के बाद मिलने वाले फीडबैक से अभ्यर्थियों को यह पता लग सकेगा कि उन्हें किन विषयों (या टॉपिक्स) में सुधार करना है। इससे उन्हें तैयारी के लिए बेहतर रणनीति बनाने में सहायता मिलेगी।

**प्रभावी समय प्रबंधन:** तय समय सीमा में प्रश्नों को हल करने से टाइम मैनेजमेंट के लिए कौशल विकसित करने में मदद मिलेगी।

**आत्मविश्वास में वृद्धि:** कस्टमाइज्ड सेशन और फीडबैक से परीक्षा के लिए अभ्यर्थियों की तैयारी का स्तर तथा उनका आत्मविश्वास बढ़ता है।

**यह अपनी तरह की एक इनोवेटिव टेस्ट सीरीज है। संधान के जरिए, अभ्यर्थी तैयारी की अपनी रणनीति के अनुरूप टेस्ट की प्रैक्टिस कर सकते हैं। इससे उन्हें UPSC प्रीलिम्स पास करने के लिए एक समग्र तथा टार्गेटेड अप्रोच अपनाने में मदद मिलेगी।**

रजिस्ट्रेशन करने और "ऑल इंडिया GS प्रीलिम्स टेस्ट सीरीज" का ब्रोशर डाउनलोड करने के लिए दिए गए QR कोड को स्कैन कीजिए

संधान पर्सनलाइज्ड टेस्ट कैसे एक परिवर्तनकारी प्लेटफ़ॉर्म बन सकता है, यह जानने के लिए QR कोड को स्कैन कीजिए

अहमदाबाद | बेंगलूरु | भोपाल | चंडीगढ़ | दिल्ली | गुवाहाटी | हैदराबाद | जयपुर | जोधपुर | लखनऊ | प्रयागराज | पुणे | राँची

# विषय सूची


**1 अंतर्राष्ट्रीय संबंध (International Relations) 5**

1.1. भारत और उसके पड़ोसी देश . . . . . . . . . . 5
1.2. द्विपक्षीय संवाद . . . . . . . . . . . . . . . . . 8
1.3. सुर्ख़ियों में रहे वैश्विक शिखर सम्मेलन . . . 18
1.4. सुर्ख़ियों में रहे विवादित क्षेत्र या संघर्ष . . . 20
1.5. सुर्ख़ियों में रहे वैश्विक जल निकाय . . . . 27

**2. अर्थव्यवस्था (Economy). . . . . . 29**

2.1. भारत के महत्वपूर्ण पत्तन . . . . . . . . . . 29
2.2. पशुधन क्षेत्रक . . . . . . . . . . . . . . . . 30

**3. पर्यावरण (Environment). . . . . 32**

3.1. पर्यावरण संबंधी शिखर सम्मलेन . . . . 32
3.2. भारत में संरक्षित क्षेत्र . . . . . . . . . . . . 35
3.2.1. टाइगर रिजर्व . . . . . . . . . . . . . . . 35
3.2.2. अन्य संरक्षित क्षेत्र . . . . . . . . . . . 36
3.3. जलनिकाय (विश्व) . . . . . . . . . . . . . 37
3.4. देश के मुख्य जल निकाय . . . . . . . . . 39
3.4.1. झीलें और अन्य आर्द्रभूमियां . . . . . 39
3.4.2. रामसर कन्वेंशन में शामिल नई आर्द्रभूमियां . . . . . . . . . . . . . . . . . 40
3.4.3. बांध और अन्य नदी परियोजनाएं . . . 41
3.4.4. नदियां . . . . . . . . . . . . . . . . . . 42
3.5. आपदा (विश्व स्तर पर) . . . . . . . . . . 44
3.6. आपदा प्रभावित क्षेत्र (भारत) . . . . . . 46

**4. विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी (Science and Technology) . . . . . . . . . . . . 48**

4.1. विश्व . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . 49
4.2. भारत. . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . 50

**5. संस्कृति (Culture). . . . . . . . . . 53**

5.1. सुर्ख़ियों में रहे मंदिर . . . . . . . . . . . . . 53
5.2. प्रमुख सांस्कृतिक स्थल . . . . . . . . . . 54
5.3. सुर्ख़ियों में रहे त्यौहार . . . . . . . . . . . 55
5.4. जनजातीय कला और संस्कृति . . . . . . 56
5.5. भौगोलिक संकेतक टैग . . . . . . . . . . . 57





# अभ्यर्थियों के लिए संदेश

***प्रिय अभ्यर्थी,***

आपकी प्रारंभिक परीक्षा की तैयारी को सुव्यवस्थित करने के हमारे प्रयास में, हमें अपनी नई पहल "PT 365: न्यूज़ थ्रू मैप्स" की घोषणा करते हुए काफ़ी ख़ुशी हो रही है।

**यह क्या है?**

'PT 365: न्यूज़ थ्रू मैप्स' एक क्यूरेटेड डॉक्यूमेंट है, जिसे अभ्यर्थियों को परीक्षा में मानचित्र-आधारित प्रश्नों को हल करने के लिए एक विज़ुअल एप्रोच विकसित करने में मदद करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। इस डॉक्यूमेंट में सभी प्रमुख स्थानों को उनसे संबंधित घटनाक्रमों और संदर्भ के साथ एकत्र किया गया है। इन स्थानों को सामूहिक मानचित्रों में प्रस्तुत किया गया है ताकि अभ्यर्थी सभी पहलुओं को समझ सकें।

**PT 365: न्यूज़ थ्रू मैप्स डॉक्यूमेंट की विशेषताएं:**

- **एक थीम, एक मानचित्र दृष्टिकोण:** समान प्रकृति की सुर्ख़ियों को एकल मानचित्र में एकत्रित किया गया है, ताकि अभ्यर्थी को समग्र जानकारी प्राप्त हो सके।
- **स्थान का भौगोलिक विवरण:** अंतर्राष्ट्रीय संबंध वाले सेक्शन में जल निकायों, पड़ोसी देशों जैसी अतिरिक्त भौगोलिक जानकारी जोड़ी गई है।

हम आशा करते हैं कि 'PT 365: न्यूज़ थ्रू मैप्स' डॉक्यूमेंट सुर्ख़ियों में रहे स्थलों को तेजी से रिवाइज करने और मानचित्र-आधारित प्रश्नों के लिए एक नई एप्रोच बनाने में आपकी मदद करेगा। PT 365 सीरीज के एक भाग के रूप में, हमें विश्वास है कि PT 365: न्यूज़ थ्रू मैप्स अभ्यर्थियों का समय बचाएगा और तैयारी को समृद्ध करेगा।

***"हम बार-बार जो करते हैं, वही बन जाते हैं। इसलिए, एक बार प्रयास करने से नहीं बल्कि बार-बार और लगातार प्रयास करने से ही उत्कृष्टता हासिल होती है।"*** *-अरस्तु*

***हार्दिक शुभकामनाएं!***

***Vision IAS***



# 1. अंतर्राष्ट्रीय संबंध (International Relations)

## 1.1 भारत और उसके पड़ोसी देश (India and its neighbourhood)



## 1. बांग्लादेश (राजधानी: ढाका)

- **संदर्भ:** हाल ही में, भारत और बांग्लादेश के बीच **पांचवीं वार्षिक रक्षा वार्ता** ढाका (बांग्लादेश) में आयोजित हुई।
- **स्थलीय सीमाएं:** बांग्लादेश, भारत के भारतीय राज्यों (पश्चिम बंगाल, त्रिपुरा, मेघालय, मिजोरम और असम) के साथ 4,096 कि.मी. लंबी सीमा और म्यांमार (दक्षिण-पूर्व) के साथ सीमा साझा करता है।
- **जलीय सीमाएं:** बंगाल की खाड़ी
- **अन्य तथ्य:** बांग्लादेश में सुंदरबन मैंग्रोव वन स्थित हैं। ये दुनिया के सबसे बड़े मैंग्रोव वनों में से एक है, जो 1,40,000 हेक्टेयर में फैला हुआ है।




## 2. श्रीलंका (विधायी राजधानी: श्री जयवर्धनेपुरा कोट्टे तथा कार्यकारी और न्यायिक राजधानी: कोलंबो)।

- **संदर्भ:** भारत और श्रीलंका ने 2023 में **अपने राजनयिक संबंधों की 75वीं वर्षगांठ मनाई।**
- **जलीय सीमाएं:** यह **हिंद महासागर** में स्थित द्वीपीय देश है और **पाक जलसंधि इसे प्रायद्वीपीय भारत से अलग** करती है।
- **अन्य महत्वपूर्ण तथ्य:**
  - अशोक ने श्रीलंका के **राजा देवानांपिय तिस्स** के अनुरोध पर अपने पुत्र व **पुत्री महेंद्र और संघमित्रा** को भगवान बुद्ध की शिक्षाओं का प्रसार करने के लिए श्रीलंका भेजा था।
  - दुनिया का **दो-तिहाई तेल और विश्व का लगभग आधा कंटेनर परिवहन** श्रीलंका के दक्षिण से होकर गुजरता है।




## 3. मलेशिया (राजधानी: कुआलालंपुर)

- **संदर्भ:** भारत और मलेशिया अन्य मुद्राओं के साथ-साथ भारतीय रुपये में भी व्यापार सौदों का निपटान करने पर सहमत हुए हैं।
- **सीमावर्ती देश: थाईलैंड** (उत्तर), **सिंगापुर** (दक्षिण), **इंडोनेशिया** (दक्षिण-पश्चिम) और **ब्रुनेई।**
  - **मलेशिया में दो गैर-सन्निहित क्षेत्र शामिल हैं:**
    - **प्रायद्वीपीय मलेशिया** (पश्चिम मलेशिया) पूर्व में **दक्षिण चीन सागर की सीमा से लगे मलय प्रायद्वीप** में स्थित है।
    - **पूर्वी मलेशिया** (मलेशिया तिमुर) **बोर्नियो द्वीप** पर स्थित है।
- **सीमावर्ती जल निकाय:** दक्षिण चीन सागर(उत्तर) मलक्का जलडमरूमध्य (पश्चिम), सुलु सागर (उत्तर-पूर्व), और सेलेब्स सागर (दक्षिण-पूर्व) आदि।




- **अन्य संबंधित तथ्य:** मलेशिया ने भारतीय नागरिकों को **30 दिनों तक रहने के लिए वीजा फ्री एंट्री** की अनुमति **दी है।**

## 4. फिलीपींस (राजधानी: मनीला)

- **संदर्भ:** भारत और फिलीपींस ने **द्विपक्षीय सहयोग पर संयुक्त आयोग (JCBC) की 5वीं बैठक** का आयोजन किया है। इस दौरान दोनों देशों ने **अपनी रक्षा साझेदारी का विस्तार करने** का निर्णय लिया।
- **जलीय सीमाएं:**
  - फिलीपींस **दक्षिण चीन सागर और प्रशांत महासागर** के बीच दक्षिण-पूर्वी एशिया में स्थित एक द्वीप समूह (7,000 से अधिक द्वीप) है।
  - **यह तीन द्वीप समूहों में विभाजित है:** लूज़ोन (देश का सबसे बड़ा द्वीप), विसायस और मिंडानाओ।
  - यह **फिलीपीन सागर, सेलेब्स सागर, सुलु सागर और दक्षिण चीन सागर** से घिरा हुआ है।




## 5. लाओ PDR या लाओस (राजधानी: वियनतियाने)

- **संदर्भ:** शिक्षा, स्वास्थ्य, जल सुविधा और आई.टी. के क्षेत्र में पांच त्वरित प्रभाव परियोजनाओं (QIPs) के कार्यान्वियन के लिए भारत तथा लाओस के बीच पांच समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए गए।
- **स्थलीय सीमाएं:** लाओस उत्तर में **चीन** से, उत्तर-पूर्व और **पूर्व में वियतनाम** से, **दक्षिण में कंबोडिया** से, पश्चिम में **थाईलैंड** से तथा उत्तर-पश्चिम में **म्यांमार** से घिरा हुआ है।




## 6. वियतनाम (राजधानी: हनोई)

- **संदर्भ:** हाल ही में, भारत और वियतनाम ने **रणनीतिक साझेदारी को गहन करने** की प्रतिबद्धता प्रकट की है।
- **स्थलीय सीमाएं:** यह उत्तर में चीन, पश्चिम में **लाओस और कंबोडिया** से घिरा हुआ है।
- **जलीय निकाय:** पूर्व एवं दक्षिण में **दक्षिण चीन सागर** से घिरा हुआ है।



# 1.2. द्विपक्षीय संवाद

## सऊदी अरब (राजधानी: रियाद)

- **संदर्भ:** हाल ही में, भारतीय प्रधान मंत्री और सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस ने **भारत-सऊदी अरब रणनीतिक साझेदारी परिषद** (SPC) की पहली शिखर सम्मेलन स्तर की बैठक की सह-अध्यक्षता की है।
- **स्थलीय सीमाएं:**
  - जॉर्डन, इराक और कुवैत (उत्तर); कतर, संयुक्त अरब अमीरात और ओमान (पूर्व) तथा यमन (दक्षिण एवं दक्षिण-पश्चिम)।
- **जलीय सीमाएं:** लाल सागर, अकाबा की खाड़ी (पश्चिम) और फारस की खाड़ी (पूर्व)।
- **अन्य महत्वपूर्ण तथ्य:**
  - यह देश **अरब प्रायद्वीप के लगभग 80 प्रतिशत भू-भाग पर फैला** हुआ है।
  - **अरब प्रायद्वीप में दुनिया का सबसे बड़ा मरुस्थलीय क्षेत्र, रुब अल-ख़ालि ("एम्पटी क्वार्टर") मौजूद है।**
  - **यहां पर इस्लाम के दो सबसे पवित्र शहर, मक्का और मदीना** स्थित हैं।
  - इसके पूर्व में फारस की खाड़ी के किनारे, देश के **प्रचुर तेल क्षेत्र** स्थित हैं।




---

## संयुक्त अरब अमीरात (राजधानी: अबू धाबी)

- **संदर्भ:** भारत-संयुक्त अरब अमीरात **व्यापक आर्थिक भागीदारी समझौते (CEPA)** को एक साल पूरा हो गया है। साथ ही, केंद्रीय मंत्रिमंडल ने संयुक्त अरब अमीरात के साथ **द्विपक्षीय निवेश संधि (Bilateral Investment Treaty)** को भी मंजूरी दे दी है।
- **स्थलीय सीमाएं:** सऊदी अरब (पश्चिम और दक्षिण) तथा ओमान (पूर्व एवं उत्तर पूर्व)।
- **जलीय सीमाएं:** फारस की खाड़ी (पश्चिम), होर्मुज जलडमरूमध्य और ओमान की खाड़ी (पूर्व)।
- **अन्य तथ्य:**
  - **संयुक्त अरब अमीरात सात अमीरातों का संघ है। ये 7 अमीरात हैं-** अबू धाबी (सबसे बड़ा), दुबई, शारजाह, अजमान, उम्म अल क्वैन, रास अल खैमाह और फुजैराह।
  - **दुनिया के कुछ सबसे बड़े रेत के टीले अरादा के पूर्व में लीवा के नखलिस्तान** में स्थित हैं।
  - अबू धाबी के पूर्व में **अल-ऐन** महत्वपूर्ण मरुद्यान (Oasis) है।



## आर्मेनिया (राजधानी: येरेवान)

- **संदर्भ:** भारत के केंद्रीय मंत्रिमंडल ने **सफल डिजिटल समाधान साझा करने के क्षेत्र में सहयोग** पर आर्मेनिया के साथ एक समझौता ज्ञापन को मंजूरी दी है। इन डिजिटल समाधानों को पूरी जनसंख्या के पैमाने पर डिजिटल रूपांतरण के लिए लागू किया गया है।
- **स्थलीय सीमाएं: यह अजरबैजान, नागोर्नो-काराबाख गणराज्य (विवादित क्षेत्र), तुर्की, नखचिवन स्वायत्त गणराज्य (अजरबैजान का एक एक्सक्लेव), जॉर्जिया और ईरान** के साथ अपनी सीमाएं साझा करता है।
- **अन्य तथ्य:** यह **ट्रांसकाकेशिया** (काकेशस पर्वत के दक्षिण में आबादी वाला क्षेत्र) का एक **स्थलरुद्ध** देश है।




---

## संयुक्त राज्य अमेरिका (राजधानी: वाशिंगटन, डी.सी.)

- **संदर्भ:** भारतीय प्रधान मंत्री ने आधिकारिक रूप से संयुक्त राज्य अमेरिका की **तीसरी राजकीय यात्रा** की। ध्यातव्य है कि इससे पूर्व दो राजकीय यात्राएं 1969 और 2009 के दौरान की गई थीं।
- **स्थलीय सीमाएं:**
  - अमेरिका में **एक दूसरे से सीमा साझा करने वाले 48 राज्य, अलास्का और हवाई द्वीप** शामिल हैं।
  - ये राज्य **कनाडा (उत्तर)** और **मेक्सिको (दक्षिण)** से घिरे हुए हैं।
- **जलीय सीमाएं:**
  - अटलांटिक महासागर (पूर्व), प्रशांत महासागर (पश्चिम) और मेक्सिको की खाड़ी (दक्षिण)।
- **अन्य संबंधित तथ्य:**
  - संयुक्त राज्य अमेरिका **क्षेत्रफल की दृष्टि से विश्व का चौथा सबसे बड़ा देश** है। सर्वाधिक क्षेत्रफल वाले शीर्ष देश क्रमशः **रूस, कनाडा और चीन** हैं।
  - संयुक्त राज्य अमेरिका में **5 ग्रेट लेक्स (बड़ी झीलें) (लेक सुपीरियर, लेक ह्यूरन, लेक मिशिगन, लेक एरी और लेक ओंटारियो)** हैं।



## दुक़्म पोर्ट

- **संदर्भ:** हाल ही में, भारत के **राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार ने ओमान के दुकम बंदरगाह** का दौरा किया है।
- **स्थलीय सीमाएं:** यमन, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात
- **जल निकाय:** अरब सागर, होर्मुज जलडमरूमध्य, ओमान की खाड़ी
- **अन्य तथ्य:**
  - **भारत ने 2018 में सैन्य उपयोग और लॉजिस्टिक समर्थन के लिए दुकम तक पहुंच हासिल** कर ली थी।
  - यह बंदरगाह **भारत को अदन की खाड़ी के रास्ते लाल सागर तक भी आसान पहुंच** प्रदान कर सकता है।




---

## ब्राज़ील (राजधानी: ब्रासीलिया)

- **संदर्भ:** वर्ष 2023 **ब्राजील और भारत के बीच कूटनीतिक संबंधों की 75वीं वर्षगांठ सहित IBSA/ इब्सा (भारत-ब्राजील-दक्षिण अफ्रीका) मंच की 20वीं वर्षगांठ** का भी प्रतीक है।




---

## पनामा (राजधानी: पनामा सिटी)

- **संदर्भ:** भारत और पनामा ने चुनावी सहयोग पर समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।
- **स्थलीय सीमाएं:** कोस्टा रिका और कोलंबिया
- **जल निकाय:** उत्तर में कैरेबियन सागर (अटलांटिक महासागर का विस्तार) और दक्षिण में प्रशांत महासागर



## सूरीनाम (राजधानी: पारामारिबो)




- **संदर्भ:**
  - सूरीनाम में भारतीयों के आगमन की **150वीं वर्षगांठ** के अवसर पर **भारत के राष्ट्रपति को सूरीनाम के सर्वोच्च नागरिक सम्मान "ग्रैंड ऑर्डर ऑफ द चेन ऑफ द येलो स्टार"** से सम्मानित किया गया।
    - **वर्ष 1873 में** 399 भारतीय गिरमिटिया मजदूरों का पहला समूह **लल्ला रुख जहाज** पर सवार होकर सूरीनाम पहुंचा था।
  - सूरीनाम में इंडियन फार्माकोपिया (IP) की मान्यता के लिए भारत और सूरीनाम के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।
- **स्थलीय सीमाएं:** फ्रेंच गुयाना (पूर्व), ब्राज़ील (दक्षिण), और गुयाना (पश्चिम)
- **जल निकाय:** अटलांटिक महासागर
- **अन्य तथ्य:** यह दुनिया में **बॉक्साइट के शीर्ष उत्पादकों में से एक** है।

---

## अर्जेंटीना (राजधानी: ब्यूनस आयर्स)




- **संदर्भ:**
  - अर्जेंटीना ने हेलीकॉप्टर खरीद के लिए **हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (HAL) के साथ एक आशय-पत्र पर हस्ताक्षर** किए हैं।
  - भारत ने अर्जेंटीना में **लिथियम के अन्वेषण व खनन के लिए एक समझौते** पर हस्ताक्षर किए।
- **स्थलीय सीमाएं:** इसकी सीमाएं दक्षिण और पश्चिम में चिली से, उत्तर में **बोलीविया व पैराग्वे** से तथा पूर्व में **ब्राजील, उरुग्वे** से लगती हैं।
- **जलीय निकाय:** पूर्व में **अटलांटिक महासागर**

---

## त्रिनिदाद एंड टोबैगो (राजधानी: पोर्ट ऑफ स्पेन)




- **संदर्भ:** भारत ने इंडिया स्टैक साझा करने हेतु त्रिनिदाद एंड टोबैगो के साथ समझौता ज्ञापन (MoU) पर हस्ताक्षर किए हैं। इंडिया स्टैक **ओपन API (एप्लीकेशन प्रोग्राम इंटरफेस) और डिजिटल पब्लिक गुड्स** का संग्रह है।
- **स्थलीय सीमाएं:** यह एक द्वीपीय देश है, जिसमें दो मुख्य द्वीप - त्रिनिदाद और टोबैगो - और कई छोटे द्वीप शामिल हैं।
- **जल निकाय:** कैरेबियन सागर और पारिया की खाड़ी इसे वेनेजुएला से अलग करती है।

## वेनेजुएला (राजधानी: कराकस)

- **संदर्भ:** वेनेजुएला पर अमेरिकी प्रतिबंधों में ढील के बाद **भारत 3 साल बाद इस देश से तेल का आयात फिर से शुरू करने** के लिए तैयार है।
- **स्थलीय सीमाएं:** इसकी सीमाएं **गुयाना, ब्राजील और कोलंबिया** से लगती है।
- **जलीय निकाय:** इसकी सीमा उत्तर में **कैरेबियन सागर और अटलांटिक महासागर** से लगती है।
- **अन्य तथ्य: प्रमुख झील:** मैराकाइबो झील, यह दक्षिण अमेरिका की सबसे बड़ी झील है।




---

## ऑस्ट्रेलिया (राजधानी: कैनबरा)

- **संदर्भ:** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच अधिकृत आर्थिक परिचालकों (AEO) की पारस्परिक मान्यता व्यवस्था (MRA) को मंजूरी दी
- **जलीय सीमाएं: प्रशांत और हिंद महासागर।**
- **अन्य महत्वपूर्ण तथ्य:** यह दक्षिणी गोलार्ध में स्थित **सबसे छोटा महाद्वीप** और सबसे बड़े देशों में से एक है।




---

## दक्षिण कोरिया (राजधानी: सियोल)

- **संदर्भ:** 2023 में भारत और दक्षिण कोरिया ने अपने राजनयिक संबंधों की **50वीं वर्षगांठ** मनाई।
- **स्थलीय सीमाएं:** उत्तर कोरिया.
- **जलीय सीमाएं:** जापान सागर (पूर्व), पूर्वी चीन सागर (दक्षिण), पीला सागर (पश्चिम); तथा कोरिया जलडमरूमध्य (दक्षिण-पूर्व) जो इसे **जापानी द्वीप त्सुशिमा** से अलग करता है।



## फ्रांस (राजधानी: पेरिस)

- **संदर्भ:** हाल ही में, **भारत-फ्रांस रणनीतिक साझेदारी के 25 वर्ष पूरे** हुए हैं। इस उपलक्ष्य में एक बैठक आयोजित की गई थी। इसमें भारत और फ्रांस ने **"होराइजन 2047 फ्रेमवर्क"** शुरू किया है।
- **स्थलीय सीमाएं:** जर्मनी और बेल्जियम (उत्तर); स्पेन (दक्षिण) तथा आल्प्स, स्विट्ज़रलैंड एवं इटली (पूर्व)।
- **जलीय सीमाएं:** अटलांटिक महासागर (पश्चिम); और भूमध्य सागर (दक्षिण)।
- **अन्य तथ्य:** फ्रांस में यूरोप की सबसे ऊंची चोटी **मोंट ब्लांक (Monte Blanc)** स्थित है।




---

## यूनाइटेड किंगडम (राजधानी: लंदन)

- **संदर्भ:** हाल ही में, नई दिल्ली में **भारत-यूनाइटेड किंगडम 2+2 विदेश एवं रक्षा वार्ता** आयोजित की गई। **भारत और यूनाइटेड किंगडम ने भी व्यापक रणनीतिक साझेदारी के सभी पहलुओं पर चर्चा और समीक्षा करने के लिए 2+2 तंत्र अपनाया** है।
- **स्थलीय सीमाएं:** आयरलैंड।
- **जलीय सीमाएं:** इंग्लिश चैनल (दक्षिण), उत्तरी सागर (पूर्व), आयरिश सागर (पश्चिम) और अटलांटिक महासागर।
- **अन्य तथ्य:**
  - **यूनाइटेड किंगडम में इंग्लैंड, स्कॉटलैंड, वेल्स और उत्तरी आयरलैंड** शामिल हैं।
  - **ग्रीनविच मेरिडियन यूनाइटेड किंगडम से होकर गुजरती है।**




---

## इटली (राजधानी: रोम)

- भारत और इटली ने **रक्षा सहयोग को मजबूत** करने के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं।
- **स्थलीय सीमाएं:** इसकी सीमाएं **फ्रांस, स्विट्ज़रलैंड, ऑस्ट्रिया और स्लोवेनिया** से लगती हैं।
- **जलीय निकाय:** यह देश **भूमध्य सागर** से घिरा हुआ है। विशेष रूप से इसके उत्तर-पूर्व में **एड्रियाटिक सागर,** दक्षिण-पूर्व में **आयोनियन सागर,** दक्षिण-पश्चिम में **टायरहेनियन सागर** और उत्तर पश्चिम में **लिगुरियन सागर** है।



## लिथुआनिया (राजधानी: विल्नियस)




- **संदर्भ:** भारत और लिथुआनिया ने सामुद्रिक क्षेत्र में द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने के संबंध में बैठक की।
- **स्थलीय सीमाएं:** लिथुआनिया उत्तर में **लातविया,** पूर्व और दक्षिण में **बेलारूस व पोलैंड,** दक्षिण-पश्चिम में रूस के **कैलिनिनग्राद** नामक क्षेत्र से घिरा हुआ है।
    - यह **पश्चिम में स्वीडन के साथ समुद्री सीमा** भी साझा करता है।
- **जलीय निकाय:** यह पश्चिम में **बाल्टिक सागर** से घिरा हुआ है।
- **अन्य तथ्य:**
    - लिथुआनिया **तीन बाल्टिक देशों** में से सबसे **दक्षिण में स्थित है और सबसे बड़ा** देश भी है। अन्य दो बाल्टिक देश **एस्टोनिया और लातविया** हैं।
    - **भाषा:** लिथुआनियाई विश्व की सबसे पुरानी जीवित **भारोपीय (इंडो-यूरोपियन)** भाषा है।

---

## मिस्र (राजधानी: काहिरा)




- **संदर्भ:** 2023 में भारत के प्रधानमंत्री ने मिस्र के लिए पहली राजकीय यात्रा संपन्न की।
- **स्थलीय सीमाएं:** लीबिया, गाजा पट्टी, सूडान और एशियाई सिनाई प्रायद्वीप।
- **जलीय सीमाएं:** लाल सागर

---

## तंजानिया (राजधानी: डोडोमा)




- **संदर्भ: IIT मद्रास** ने तंजानिया के **जंजीबार** में अपना पहला अंतर्राष्ट्रीय परिसर स्थापित किया है।
- **स्थलीय सीमाएं:** इसकी सीमाएं उत्तर में **युगांडा और केन्या से;** दक्षिण एवं दक्षिण-पश्चिम में **मोजाम्बिक व जाम्बिया से** तथा पश्चिम में **बुरुंडी और रवांडा से** लगती हैं।
- **जलीय निकाय: हिंद महासागर,** टांगान्यिका झील (पश्चिम), विक्टोरिया झील (उत्तर) और मलावी झील (अर्थात न्यासा झील) और कांगो नदी।

## गिनी-बिसाऊ (राजधानी: बिसाऊ)

- **संदर्भ:** गिनी-बिसाऊ अपनी **काजू** की लगभग पूरी फसल (लगभग 98 प्रतिशत) को प्रसंस्करण के लिए भारत को निर्यात कर रहा है।
- **स्थलीय सीमाएं:**
  - यह उत्तर में **सेनेगल**, पूर्व और दक्षिण में **गिनी** से घिरा हुआ है।
  - इसमें **बिजागो (बिसागोस) द्वीप समूह** और तट के नजदीक स्थित अन्य द्वीप शामिल हैं।
- **जलीय निकाय: अटलांटिक महासागर**




## मलावी (राजधानी: लिलोंग्वे)

- **संदर्भ:** मलावी का संसदीय प्रतिनिधिमंडल भारत के दौरे पर है।
- **स्थलीय सीमाएं:** यह देश उत्तर में **तंजानिया,** पूर्व में **मलावी झील,** पूर्व और दक्षिण में **मोजाम्बिक** तथा पश्चिम में **जाम्बिया** से घिरा हुआ है।
- **जलीय निकाय:** यहां की सबसे बड़ी झील **मलावी झील** (तंजानिया में इसे न्यासा झील कहते है) है तथा **चिल्वा** एक अन्य प्रमुख झील है।




## जाम्बिया (राजधानी: लुसाका)

- **संदर्भ:** भारतीय रक्षा सचिव ने जाम्बिया के रक्षा मंत्रालय के स्थायी सचिव के साथ बैठक की है।
- **स्थलीय सीमाएं: अंगोला, नामीबिया, बोत्सवाना, जिम्बाब्वे, मोजाम्बिक, मलावी, तंजानिया** तथा **डेमोक्रेटिक रिपब्लिक ऑफ कांगो (DRC)।**



## बेनिन (राजधानी: पोर्टो-नोवो)

- **संदर्भ:** भारत के विदेश मंत्रालय ने कहा है कि **भारत, बेनिन का सबसे बड़ा व्यापार भागीदार देश और महत्वपूर्ण निवेशक** है।
- **स्थलीय सीमाएं:** इसकी सीमाएं **बुर्किना फासो** (उत्तर-पश्चिम), **नाइजीरिया** (पूर्व), टोगो (पश्चिम), **नाइजर** (उत्तर) से लगती हैं।
- **जलीय निकाय: अटलांटिक महासागर, नाइजर नदी।**




---

## युगांडा (राजधानी: कंपाला)

- **संदर्भ:** भारतीय विदेश मंत्री ने युगांडा की यात्रा की है।
- **स्थलीय सीमाएं:** यह उत्तर में **दक्षिण सूडान**, पूर्व में **केन्या**, दक्षिण में **तंजानिया और रवांडा** तथा पश्चिम में **डेमोक्रेटिक रिपब्लिक ऑफ़ कांगो से घिरा** हुआ है।
- **जलीय निकाय:** विक्टोरिया झील




---

## तिमोर-लेस्ते (राजधानी: दिली)

- **संदर्भ:** भारत ने दिली में दूतावास खोलने की घोषणा की है।
- **स्थलीय सीमाएं:** दक्षिण-पश्चिम में **पश्चिमी तिमोर** (इंडोनेशियाई प्रांत का हिस्सा)।
- **जलीय निकाय: सीमा:** दक्षिण पूर्व में **तिमोर सागर**, उत्तर में **वेटर जलडमरूमध्य,** उत्तर पश्चिम में **ओमबाई जलडमरूमध्य।**



VISION IAS
INSPIRING INNOVATION

www.visionias.in
8468022022, 9019066066

# VISION IAS के PT 365 के साथ UPSC प्रीलिम्स में करेंट अफेयर्स की चुनौतियों में महारत हासिल कीजिए




करेंट अफेयर्स की तैयारी कैसे करें

करेंट अफेयर्स सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी की आधारशिला है, जो प्रीलिम्स, मेन्स और इंटरव्यू तीनों चरणों में जरूरी होता है। करेंट अफेयर्स से अपडेट रहना अभ्यर्थी को सिविल सेवा परीक्षा के नए ट्रेंड को समझने में सक्षम बनाता है। सही रिसोर्सेज और एक रणनीतिक दृष्टिकोण के जरिए अभ्यर्थी इस विशाल सेक्शन को अपना सकारात्मक पक्ष बना सकते हैं।

## PT 365 क्या है?

PT 365 (हिंदी) डाक्यूमेंट के अंतर्गत, व्यापक तौर पर विगत 1 वर्ष (365 दिन) के महत्वपूर्ण समसामयिक घटनाओं को ठोस तरीके से कवर किया जाता है ताकि प्रीलिम्स की तैयारी में अभ्यर्थियों को सहायता मिल सके। इसे करेंट अफेयर्स के रिविजन हेतु एक डॉक्यूमेंट के रूप में तैयार किया गया है।

### PT365 की विशेषताएं

**व्यापक कवरेज**
- पूरे साल के करेंट अफेयर्स की कवरेज।
- UPSC हेतु प्रासंगिक विषय, जैसे– राजव्यवस्था, अर्थव्यवस्था, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, पर्यावरण, अंतर्राष्ट्रीय संबंध, आदि।
- आगामी प्रारंभिक परीक्षा में आने वाले संभावित विषयों पर जोर।

**स्पष्ट एवं संक्षिप्त जानकारी**
- प्रमुख मुद्दों के लिए स्पष्ट एवं संक्षिप्त प्रस्तुति
- विश्वसनीय स्रोतों से जानकारी
- तेजी से रिविजन के लिए परिशिष्ट

**QR आधारित स्मार्ट क्विज**
- अभ्यर्थियों की समझ और पढ़े गए आर्टिकल्स के परीक्षण के लिए QR आधारित स्मार्ट क्विज़ को शामिल किया गया है।

**इन्फोग्राफिक्स**
- आर्टिकल्स एवं तथ्यों को समझने और याद रखने में सहायता मिलती है।
- आर्टिकल्स को समझाने के लिए अलग–अलग तकनीक, विधियों और प्रक्रियाओं का इस्तेमाल।
- लर्निंग को बेहतर बनाने के लिए मानचित्रों का रणनीतिक उपयोग किया गया है।

**सरकारी योजनाएं और नीतियां**
- प्रमुख सरकारी योजनाओं, नीतियों और पहलों की गहन कवरेज।

**नया क्या है?**
- पिछले वर्ष के प्रश्नों के पैटर्न के अनुरूप तैयार किया गया है।

## PT 365 का महत्त्व

**रिविजन में आसानी:** कंटेंट को विषयों या टॉपिक्स के आधार पर वर्गीकृत किया गया है, जिससे अभ्यर्थी आसानी से टॉपिक खोज सकते हैं और रिविजन आसान हो जाता है।

**वैल्यू एडिशन:** इसमें ऐसे इन्फोग्राफिक्स, संबंधित घटनाक्रम या सुर्ख़ियाँ शामिल हैं, जो महत्वपूर्ण जानकारी की व्यापक कवरेज सुनिश्चित करते हैं।

**क्रिस्प मटेरियल:** आर्टिकल्स में क्रिस्प पॉइंट्स का प्रयोग किया गया है। इससे अभ्यर्थियों को सीमित समय में आसानी से कई बार रिविजन करने में सुविधा मिलती है।

**इंटीग्रेटेड एप्रोच:** UPSC में पूछे गए प्रश्नों के पिछले ट्रेंड के अनुरूप ही करेंट अफेयर्स की सभी बुनियादी अवधारणाओं और सूचनाओं को स्पष्ट तरीके से शामिल किया गया है। इससे स्टेटिक पार्ट और महत्वपूर्ण करेंट अफेयर्स को एकीकृत करने में भी मदद मिलती है।

और अधिक जानकारी के लिए दिए गए QR कोड को स्कैन कीजिए

PT 365 एक भरोसेमंद रिसोर्स है जिसने पिछले कुछ वर्षों में लाखों अभ्यर्थियों को समग्र तरीके से करेंट अफेयर्स को कवर करने में मदद की है। इसकी प्रभावशाली विशेषताओं की वजह से UPSC सिविल सेवा परीक्षा में करेंट अफेयर्स को समझने और सफल होने में अभ्यर्थियों को मदद मिलती है।

अहमदाबाद | बैंगलोर | भोपाल | चंडीगढ़ | दिल्ली | गुवाहाटी | हैदराबाद | जयपुर | जोधपुर | लखनऊ | प्रयागराज | पुणे | रांची

# 1.3. सुर्ख़ियों में रहे वैश्विक शिखर सम्मेलन

**नई दिल्ली, भारत**

- **18वां G20 शिखर सम्मेलन**
- **प्रमुख आउटकम्स**
  - **ग्लोबल बायोफ्यूल एलायंस (GBA)** की शुरुआत की गई।
  - भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारे (IMEC) की स्थापना के लिए एक समझौता ज्ञापन (MoU) पर हस्ताक्षर किया गया।
  - **अफ्रीकी संघ को G20 के स्थायी सदस्य** के रूप में औपचारिक रूप से शामिल किया गया।

**ओस्टेंड, बेल्जियम**

- **दूसरे 'उत्तरी सागर शिखर सम्मेलन' का आयोजन**
- **प्रमुख आउटकम्स:**
  - सम्मेलन का उद्देश्य **2050 तक उत्तरी सागर को यूरोप का सबसे बड़ा ऊर्जा केंद्र बनाना है**। इसके लिए उत्तरी सागर की **अपतटीय पवन ऊर्जा क्षमता को 2030 तक 120 गीगावाट (GW)** और 2050 तक 300 GW तक बढ़ाया जाएगा।

**सैन फ्रांसिस्को, संयुक्त राज्य अमेरिका**

इंडो-पैसिफिक इकोनॉमिक फ्रेमवर्क फॉर प्रॉस्पेरिटी (IPEF) की तीसरी मंत्रिस्तरीय बैठक आयोजित की गई।



**विएना, ऑस्ट्रिया**

**इंटरपोल की 91वीं महासभा की बैठक** संपन्न हुई।

**हवाना, क्यूबा**

- **G77 प्लस चाइना शिखर सम्मेलन**
- **प्रमुख आउटकम्स**
  - भारत ने ग्लोबल साउथ के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई है।

**जोहान्सबर्ग, दक्षिण अफ्रीका**

- **15वां BRICS सम्मेलन**
- **प्रमुख आउटकम्स**
  - **ब्रिक्स का विस्तार:** 5 नए सदस्य शामिल- **मिस्र, इथियोपिया, ईरान, सऊदी अरब** और संयुक्त **अरब अमीरात**

**मॉरीशस , अफ्रीका**

- **कोलंबो सिक्योरिटी कॉन्क्लेव (CSC) की राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार स्तर की छठी बैठक**

## नई दिल्ली, भारत

- भारत ने प्रथम **अंतर्राष्ट्रीय व्यापार कानून पर संयुक्त राष्ट्र आयोग (UNCITRAL)-दक्षिण एशिया सम्मेलन** का आयोजन किया।

## भारत (वर्चुअल होस्ट)

- **शंघाई सहयोग संगठन (SCO) का 23वां शिखर सम्मेल**
- **प्रमुख आउटकम्स**
  - **ईरान को नए सदस्य देश के रूप में शामिल** किया गया (9 वां सदस्य)।
  - **'वाराणसी'** को SCO की पहली **पर्यटन और सांस्कृतिक राजधानी** घोषित किया गया है।



## व्लादिवोस्तोक , रूस

- **8वें ईस्टर्न इकोनॉमिक फोरम की बैठक**

## हिरोशिमा, जापान

- **G7 समूह का 49वां शिखर सम्मेलन**
- **प्रमुख आउटकम्स या परिणाम: लोचशील और समावेशी आपूर्ति-श्रृंखला को बढ़ावा देने** (Resilient and Inclusive Supply-chain Enhancement: RISE) के लिए साझेदारी- RISE **स्वच्छ ऊर्जा उत्पादों के लिए आपूर्ति श्रृंखलाओं में विविधता लाने के लिए** परियोजना है।

## बेंगलुरु, भारत

- **अंतर्राष्ट्रीय कॉफी संगठन (IOC) ने पांचवें विश्व कॉफी सम्मेलन** का उद्घाटन किया गया।

## पोर्ट मोरेस्बी, पापुआ न्यू गिनी

- **भारत-प्रशांत द्वीप समूह सहयोग मंच (FIPIC) के तीसरे शिखर सम्मेलन का आयोजन**
- **प्रमुख आउटकम्स या परिणाम**
  - भारत ने प्रशांत महासागर के द्वीपीय देशों के लिए 12 सूत्री विकास योजना की घोषणा की।

## जकार्ता, इंडोनेशिया

- **18वां पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन**

## जकार्ता, इंडोनेशिया

- **20वां आसियान-भारत शिखर सम्मेलन**
- **प्रमुख आउटकम्स**
  - भारत-आसियान सहयोग को मजबूत करने के लिए भारत की ओर से 12 सूत्री प्रस्ताव

## कोलंबो, श्रीलंका

- हिंद महासागर रिम एसोसिएशन (IORA)-विदेश मंत्रियों की परिषद (CoM) की बैठक कोलंबो (श्रीलंका) में आयोजित हुई।

# 1.4.सुर्ख़ियों में रहे विवादित क्षेत्र या संघर्ष

## कच्चातिवु

- **संदर्भ:** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री ने श्रीलंका से कच्चातिवु द्वीप की पुनः प्राप्ति की मांग दोहरा कर बहस को फिर से शुरू कर दिया है।
- **कच्चातिवु के बारे में:**
    - कच्चातिवु **भारत और श्रीलंका के बीच पाक जलडमरूमध्य में स्थित एक निर्जन द्वीप है।**
    - **यह रामेश्वरम (भारत) के उत्तर-पूर्व में और जाफना (श्रीलंका) के दक्षिण-पश्चिम** में अवस्थित है।
    - यह स्थान दोनों देशों के मछुआरों के लिए महत्वपूर्ण है, जो पारंपरिक रूप से मछली पकड़ने के लिए इस टापू का उपयोग करते रहे हैं।
    - वर्ष 1974 में, **'भारत-श्रीलंका समुद्री समझौते'** के तहत, **भारत ने कच्चातिवु को श्रीलंका को सौंप** दिया था।




## ब्रिटिश इंडियन ओशन टेरिटरी (BIOT)

- **संदर्भ: ब्रिटिश नौसेना द्वारा 32 भारतीय मछुआरों** को खुले समुद्र में मछली पकड़ने के दौरान BIOT में घुसपैठ करने के आरोप में हिरासत में लिया गया है।
- **BIOT के बारे में:**
    - **BIOT मध्य हिंद महासागर में यूनाइटेड किंगडम का एक विदेशी क्षेत्र है,** जिसे 1965 में स्थापित किया गया था।
    - 1976 से यह **चागोस द्वीपसमूह** के साथ जुड़ा हुआ है।
    - **यह अर्धवृत्ताकार रूप में है:**
        - इसमें सॉलोमन द्वीप समूह, पेरोस बानहोस एटॉल, नेल्सन द्वीप, थ्री ब्रदर्स द्वीप समूह, ईगल द्वीप समूह, डेंजर द्वीप, एग्मोंट द्वीप समूह और डिएगो गार्सिया द्वीप शामिल हैं।
        - डिएगो गार्सिया एटॉल, समूह में सबसे बड़ा और सबसे दक्षिणी भूभाग है और एक महत्वपूर्ण अमेरिकी सैन्य अड्डा भी है।



## इज़रायल (राजधानी यरुशलेम)

- **संदर्भ:** हमास मिलिटेंट ग्रुप ने **"ऑपरेशन तूफान अल-अक्सा (अल-अक्सा फ्लड)"** के तहत इज़रायल पर अचानक एक बड़ा हमला कर दिया था। इज़रायल ने इस हमले के प्रतिशोध में **ऑपरेशन आयरन स्वॉर्ड्स** के तहत फिलिस्तीनी आतंकवादी समूह के खिलाफ युद्ध की घोषणा कर दी थी।
- **स्थलीय सीमाएं:**
  - जॉर्डन, सीरिया, लेबनान और मिस्र।
- **जलीय सीमाएं:** भूमध्य सागर, मृत सागर, जॉर्डन नदी व गैलिली सागर।




---

## सीरिया (राजधानी: दमिश्क)

- **संदर्भ:** सीरिया में संघर्ष बढ़ने से तुर्की ने आतंकवादियों पर हमले तेज कर दिए हैं।
- **स्थलीय सीमाएं:**
  - इसकी सीमाएं उत्तर में **तुर्की,** पूर्व और दक्षिण-पूर्व में **इराक,** दक्षिण में **जॉर्डन,** दक्षिण-पश्चिम में **लेबनान** और **इजरायल** से लगती हैं।
  - इसके क्षेत्र में **गोलान हाइट्स के कुछ क्षेत्र भी** शामिल हैं, जिस पर 1967 से इजराइल का कब्जा है।
- **जलीय निकाय:** भूमध्य सागर



## नागोर्नो-काराबाख क्षेत्र

- **संदर्भ:** भारत ने नागोर्नो-काराबाख क्षेत्र पर आर्मेनिया और अजरबैजान के बीच जारी संघर्ष के शांतिपूर्ण समाधान के लिए OSCE **मिन्स्क समूह** के प्रयासों का समर्थन किया है।
  - **57 भागीदार** देशों के साथ **OSCE दुनिया का सबसे बड़ा क्षेत्रीय सुरक्षा संगठन** है।
  - इस **विवाद का समाधान करने** के लिए 1994 में मिन्स्क ग्रुप का गठन किया गया था और इसकी सह-अध्यक्षता **संयुक्त राज्य अमेरिका, फ्रांस और रूस** द्वारा की जाती है।
- **स्थलीय सीमाएं:** यह **दक्षिण काकेशस में एक भू-आबद्ध पहाड़ी** क्षेत्र है।
- **अन्य तथ्य:**
  - **1917 में रूसी साम्राज्य के पतन के बाद अज़रबैजान और आर्मेनिया, दोनों ने इस क्षेत्र पर दावा** किया था, तब से यह क्षेत्र दोनों देशों के बीच तनाव का कारण बना हुआ है।
  - **इस क्षेत्र को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर तेल समृद्ध अजरबैजान के हिस्से के रूप में मान्यता प्राप्त है, लेकिन इसके अधिकतर निवासी आर्मेनियाई नृजातीय समूह के हैं।**




---

## सेनेगल (राजधानी: डकार)

- हाल ही में, सेनेगल में हुए संघर्ष के दौरान नौ लोगों की मृत्यु हो गई है।
- **स्थलीय सीमाएं:** यह पूर्व में **माली से; दक्षिण में गिनी और गिनी-बिसाऊ से घिरा** हुआ है।
- **जलीय निकाय:** यह उत्तर और उत्तर पूर्व में **सेनेगल नदी से घिरा हुआ है तथा पश्चिम में अटलांटिक महासागर से घिरा** हुआ है।
- **अन्य तथ्य:** यह **एक अवतलित (Depression) क्षेत्र में स्थित है, जिसे सेनेगल-मॉरिटानियन बेसिन के रूप में जाना जाता है।**



## इथियोपिया (राजधानी: अदीस अबाबा)

- **संदर्भ:**
  - इथियोपिया अगले पांच वर्षों में **विदेशी निवेशकों को पांच बैंकिंग लाइसेंस** जारी करेगा।
  - इथियोपिया की सरकार ने अपने दूसरे सबसे बड़े राज्यक्षेत्र **अमहारा** में आपातकाल की घोषणा की है।
- **स्थलीय सीमाएं:** यह उत्तर में **इरिट्रिया,** पूर्वोत्तर में **जिबूती,** पूर्व में **सोमालिया,** दक्षिण में **केन्या** तथा पश्चिम में साउथ सूडान और सूडान से घिरा हुआ है।
- **अन्य तथ्य:**
  - यह **"हॉर्न ऑफ अफ्रीका"** में स्थित एक **भू आबद्ध** देश है।
  - यह हॉर्न ऑफ **अफ्रीका में सबसे बड़ा और सबसे अधिक आबादी वाला** देश है।




## नाइजीरिया (राजधानी: अबुजा)

- **संदर्भ:**
  - भारत के रक्षा मंत्री नाइजीरिया के राष्ट्रपति के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए।
  - नाइजीरिया ने **खाद्य सुरक्षा को लेकर आपातकाल की स्थिति घोषित** कर दी है।
- **स्थलीय सीमाएं:** इस देश की उत्तरी सीमा **नाइजर** से, पूर्वी सीमा **चाड और कैमरून** से तथा पश्चिमी सीमा बेनिन से लगती है।
- **जलीय निकाय: गिनी की खाड़ी**
- **अन्य तथ्य:** अक्सर इस देश को **"जायंट ऑफ अफ्रीका"** कहा जाता है।




## सूडान (राजधानी: खार्तूम)

- **संदर्भ:** खार्तूम के सभी हिस्सों में भीषण संघर्ष शुरू हो गया है।
- **स्थलीय सीमाएं:** इसकी सीमाएं **मिस्र, लीबिया, चाड, मध्य अफ्रीकी गणराज्य, दक्षिण सूडान, इथियोपिया और इरिट्रिया** से लगती है।
- **जलीय निकाय:** लाल सागर



## नाइजर (राजधानी: नियामे)

- **संदर्भ:** नाइजर में **सेना ने सत्ता पर कब्जा** कर लिया है।
- **स्थलीय सीमाएं:** यह उत्तर-पश्चिम में **अल्जीरिया,** उत्तर-पूर्व में **लीबिया,** पूर्व में **चाड,** दक्षिण में **नाइजीरिया और बेनिन** तथा पश्चिम में **बुर्किना फासो व माली** से घिरा हुआ है।
- **जलीय निकाय:** नाइजर नदी (नील और कांगो नदियों के बाद अफ्रीका की **तीसरी सबसे लंबी नदी)।**




## लीबिया (राजधानी: त्रिपोली)

- **संदर्भ:** त्रिपोली में दो प्रमुख सशस्त्र समूहों के बीच हिंसक संघर्ष के कारण वहां पर स्थित एकमात्र असैन्य हवाई अड्डे को बंद कर दिया गया है।
- **स्थलीय सीमाएं:** यह पूर्व में **मिस्र,** दक्षिण-पूर्व में **सूडान,** दक्षिण में **नाइजर और चाड** तथा पश्चिम में **ट्यूनीशिया** एवं **अल्जीरिया** से घिरा हुआ है।
- **जलीय निकाय: भूमध्य सागर**
- **अन्य तथ्य: गर्म व शुष्क है,** जो **घिबली के कारण और अधिक कठोर हो जाती है।** घिबली एक गर्म शुष्क पवन है, जो पूरे देश में दक्षिण दिशा से बहती है।




## गैबॉन (राजधानी- लिब्रेविले)

- **संदर्भ:** गैबॉन के सैन्य अधिकारियों ने राष्ट्रपति के विवादित चुनाव जीतने के बाद तख्तापलट की घोषणा की।
- **स्थलीय सीमाएं:** इक्वेटोरियल गिनी, कैमरून और रिपब्लिक ऑफ कांगो
- **जल निकाय:** अटलांटिक महासागर (पश्चिम)
- **अन्य तथ्य:** यह भूमध्य रेखा पर स्थित एक देश है।



## साहेल क्षेत्र

- **संदर्भ:** साहेल क्षेत्र के **तीन देशों (माली, बुर्किना फासो और नाइजर) ने सशस्त्र विद्रोह या बाहरी आक्रमण के खतरों के खिलाफ सहयोग करने के लिए एक रक्षा समझौते पर हस्ताक्षर** किए हैं।
- **साहेल क्षेत्र के बारे में:**
  - यह **पश्चिमी और उत्तर-मध्य अफ्रीका का एक अर्ध-शुष्क क्षेत्र** है। यह **सहारा रेगिस्तान** के दक्षिणी क्षेत्र के साथ-साथ **अटलांटिक महासागर से लाल सागर** तक फैला हुआ है।
  - **साहेल क्षेत्र के देश:** बुर्किना फासो, कैमरून, चाड, गाम्बिया, गिनी, मॉरिटानिया, माली, नाइजर, नाइजीरिया और सेनेगल।
  - यह उत्तर में **सहारा रेगिस्तान और दक्षिण में सवाना के बीच एक संक्रमणकालीन क्षेत्र** बनाता है।




## बुर्किना फासो (राजधानी: औगाडौगू)

- **संदर्भ:** बुर्किना फासो ने फ्रांसीसी दूतावास के डिफेंस अटैच को देश से जाने का आदेश दिया है।
- **स्थलीय सीमाएं:** यह उत्तर और पश्चिम में **माली,** उत्तर-पूर्व में **नाइजर,** दक्षिण-पूर्व में **बेनिन, कोटे डी आइवर व घाना तथा दक्षिण में टोगो** के साथ **सीमा साझा** करता है।




## कनाडा (राजधानी: ओटावा)

- **संदर्भ:** हाल ही में, कनाडा ने दावा किया था कि उसकी धरती पर खालिस्तान समर्थक एक अलगाववादी नेता की हत्या में भारतीय एजेंट शामिल थे। कनाडा सरकार के इस दावे के कारण दोनों देशों के बीच राजनयिक संबंधों में तनाव पैदा हो गया है।
- **स्थलीय सीमाएं:** संयुक्त राज्य अमेरिका (दक्षिण), ग्रीनलैंड (उत्तर-पूर्व) और अमेरिकी राज्य अलास्का (पश्चिम)।
- **जलीय सीमाएं:** प्रशांत महासागर (पश्चिम), आर्कटिक महासागर (उत्तर) और अटलांटिक महासागर (पूर्व)।
- **अन्य संबंधित तथ्य:**
  - कनाडा क्षेत्रफल की दृष्टि से **रूस के बाद दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा देश** है।
  - कनाडा के भौगोलिक क्षेत्रों में सबसे बड़ा क्षेत्र **कनाडाई शील्ड** है।






अहमदाबाद | बेंगलूरु | भोपाल | चंडीगढ़ | दिल्ली | गुवाहाटी | हैदराबाद | जयपुर | जोधपुर | लखनऊ | प्रयागराज | पुणे | राँची

## इक्वाडोर (राजधानी: क्विटो)

- **संदर्भ:** एक मोस्ट वांटेड कैदी के जेल से भाग जाने के बाद इक्वाडोर ने पूरे देश में आपातकाल लगा दिया है।
- **राजनीतिक सीमाएं:** इसकी सीमा उत्तर में **कोलंबिया** और पूर्व एवं दक्षिण में **पेरू** से लगती है।
- **जलीय निकाय:** इसकी सीमा पश्चिम में **प्रशांत महासागर** से लगती है।
- **अन्य तथ्य:**
  - **प्रशांत महासागर में स्थित गैलापागोस आइलैंड** इक्वाडोर का हिस्सा है।
  - इसमें **अमेज़ॅन बेसिन के कुछ हिस्से** शामिल हैं और यह **भूमध्य रेखा पर स्थित** है।




---

## गुयाना (राजधानी: जार्जटाउन)

- **संदर्भ:** वेनेज़ुएला और गुयाना के बीच **एसेक्विबो नदी (Esequibo river)** तथा इसके अपतटीय क्षेत्र पर **सीमा विवाद को लेकर तनाव** पैदा हो गया है।
- **स्थलीय सीमाएं:** इसकी सीमाएं पूर्व में **सूरीनाम,** दक्षिण में **ब्राजील** और पश्चिम में **वेनेजुएला** से लगती है।
- **जलीय निकाय:** इसकी सीमाएं उत्तर में अटलांटिक महासागर से लगती है।



# 1.5. सुर्ख़ियों में रहे वैश्विक जल निकाय

## सियांग नदी

- **संदर्भ:** चीन द्वारा बांध के निर्माण के खिलाफ प्रतिक्रिया में भारत सियांग नदी पर बैराज का निर्माण करेगा।
- **सियांग नदी को चीन में यारलुंग ज़ंग्बो** के नाम से जाना जाता है।
- **यह ब्रह्मपुत्र की एक प्रमुख सहायक नदी है।**
- **यह ग्रेट बेंड** (नामचा बरवा चोटी को घेरते हुए) के बाद अरुणाचल प्रदेश में प्रवेश करती है। इसके बाद **यह लोहित और दिबांग नदियों में मिलकर ब्रह्मपुत्र का निर्माण** करती है।




## दक्षिण चीन सागर

- **संदर्भ:** फिलीपींस ने दक्षिण चीन सागर के एक विवादित क्षेत्र में चीन द्वारा लगाए गए फ्लोटिंग बैरियर को हटा दिया है। चीन ने ये फ्लोटिंग बैरियर्स लगाकर मछली पकड़ने वाली फिलीपींस की नौकाओं को विवादित क्षेत्र में प्रवेश करने से रोक दिया था।
- इस सागर के तटवर्ती देशों में ब्रुनेई, इंडोनेशिया, मलेशिया, फिलीपींस, ताइवान और वियतनाम शामिल हैं।
- **चीन दक्षिण चीन सागर के लगभग 90% भाग को अपने EEZ का हिस्सा मानता है।** इसमें पारासेल द्वीप, स्प्रैटली द्वीप, प्रतास द्वीप और स्कारबोरो शोल जैसे द्वीपसमूह शामिल हैं।
- चीन का यह दावा विवादित "नाइन-डैश लाइन" पर आधारित है। चीन ने इसे पहली बार 1947 में जारी किए गए अपने मानचित्र पर दर्शाया था।
- 1952 तक 'नाइन-डैश लाइन' को 'इलेवन डैश लाइन' के रूप में जाना जाता था। चीन की कम्युनिस्ट पार्टी द्वारा टोंकिन की खाड़ी को इलेवन डैश लाइन के बाहर करने के बाद से इसे 'नाइन-डैश लाइन' के रूप में जाना जाता है।




## लाल सागर

- **संदर्भ:**
  - अमेरिका ने लाल सागर में नए सिरे से सेनाएं और युद्धपोत तैनात किए हैं।
  - भारत जाने वाले एक मालवाहक जहाज का हौथी विद्रोहियों ने लाल सागर में कब्ज़ा कर लिया।
- **यह अफ्रीका और एशिया के बीच हिंद महासागर का एक इनलेट (खाड़ी के समान) है।**
- **इसके तटवर्ती देश हैं:** मिस्र, सऊदी अरब, यमन, सूडान, इरिट्रिया और जिबूती।
- **इसमें ग्रेट रिफ्ट वैली (एफ्रो-अरेबियन रिफ्ट वैली)** का एक हिस्सा शामिल है।
- **यह दुनिया के सबसे खारे जल निकायों में से एक है।**



## पूर्वी सागर (जापान सागर)

- **संदर्भ:** चीन और रूस, जापान सागर में संयुक्त **हवाई व समुद्री अभ्यास (ड्रिल) (नॉर्दर्न/इंटरेक्शन-2023)** आरंभ करेंगे। जापान सागर को पूर्वी सागर भी कहा जाता है।
- **यह पश्चिमी प्रशांत महासागर का सीमांत समुद्र** (Marginal sea) है।
- **यह पूर्व में जापान और सखालिन द्वीप** से तथा पश्चिम में **एशियाई मुख्य भूमि पर रूस व कोरिया** से घिरा **हुआ है।**




Lakshya
MAINS MENTORING PROGRAM 2024
25 जून 2024

(मुख्य परीक्षा – 2024 के लिए एक लक्षित रिवीजन, प्रैक्टिस और परामर्श कार्यक्रम)

70 दिवसीय विशेषज्ञ परामर्श

- मेंटर्स की अत्यधिक अनुभवी और योग्य टीम
- GS मुख्य परीक्षा, निबंध और नीतिशास्त्र के प्रश्न–पत्रों के लिए रिवीजन और प्रैक्टिस की सुनियोजित योजना
- शोध आधारित विषयवार रणनीतिक दस्तावेज
- स्ट्रेटेजिक डिस्कशन, लाइव प्रैक्टिस और सहपाठियों के साथ चर्चा के लिए निर्धारित ग्रुप सेशन
- अधिक अंकदायी विषयों पर विशेष बल
- लक्ष्य मेन्स प्रैक्टिस टेस्ट की सुविधा
- मेंटर्स के साथ वन–टू–वन सेशन
- निरंतर प्रदर्शन मूल्यांकन और निगरानी

# 2. अर्थव्यवस्था

## 2.1. भारत के महत्वपूर्ण पत्तन



### कांडला पत्तन (दीनदयाल पत्तन)

- कांडला पत्तन भारत का एकमात्र प्रमुख पत्तन है जो **निजी स्वामित्व** में है।
- **यह कार्गो हैंडलिंग के मामले में देश का सबसे बड़ा पत्तन है।**
- यह पत्तन अक्षय ऊर्जा उत्पादन के मामले में अधिशेष की स्थिति में है।

### कोलकाता पत्तन

- भारत का सबसे पुराना व प्रमुख पत्तन, जिसे अब **श्यामा प्रसाद मुखर्जी पत्तन** (एकमात्र प्रमुख नदी बंदरगाह) कहा जाता है।
- वर्तमान में ट्रांसशिपमेंट कार्गो को संभालने वाले मुख्य पत्तनों में से एक।

### पारादीप पत्तन

- पारादीप पत्तन पूर्वी तट पर कार्गो-हैंडलिंग वाला सबसे बड़ा बंदरगाह है और प्रोडक्टिविटी के मामले में 2022 में पहले स्थान पर था।

### मुंबई बंदरगाह

- **मुंबई पत्तन** भारत का **सबसे बड़ा प्राकृतिक पत्तन और बंदरगाह है।** वर्तमान में **ट्रांसशिपमेंट कार्गो को हैंडल** करने वाले मुख्य पत्तनों में से एक है।

### विशाखापत्तनम पोर्ट

- क्षमता के हिसाब से यह पत्तन **देश का तीसरा सबसे बड़ा बंदरगाह है** और कार्गो ट्रैफिक के मामले से **चौथा सबसे बड़ा बंदरगाह है।**
- यह पत्तन अक्षय ऊर्जा उत्पादन में अधिशेष की स्थिति में है।

### एन्नोर (कामराजार पत्तन)

- तमिलनाडु में स्थित एन्नोर पत्तन एक कंपनी के रूप में पंजीकृत है। इस प्रकार यह एकमात्र निगमित बंदरगाह है।
- वर्तमान में ट्रांसशिपमेंट कार्गो को संभालने वाले देश के प्रमुख पत्तनों में से एक।

### JNPT

- यह भारत का **सबसे बड़ा कंटेनर पोर्ट** है।
- यह वर्तमान में ट्रांसशिपमेंट कार्गो को हैंडल करने वाले मुख्य पत्तनों में से एक है।

### चेन्नई पत्तन

- चेन्नई पत्तन प्राधिकरण ने **ईस्टर्न मेरीटाइम कॉरिडोर के संचालन पर भारत-रूस वर्कशॉप** का आयोजन किया।

### मुरगांव पत्तन

- **विभिन्न यूनियनों से जुड़े श्रमिकों ने** वेतन में वृद्धि संबंधी मांगों के समाधान में हो रही देरी पर निराशा व्यक्त करते हुए **मुरगांव पत्तन प्राधिकरण (MPA) के बाहर विरोध प्रदर्शन किया।**

### वी.ओ. चिदंबरनार पोर्ट ट्रस्ट

- यह पत्तन अक्षय ऊर्जा उत्पादन के मामले में अधिशेष स्थिति में है।
- यह ट्रांसशिपमेंट कार्गो को हैंडल करने वाले मुख्य पत्तनों में से एक है।

### विझिंजम पत्तन, केरल

- केंद्रीय मत्स्य पालन मंत्री ने **प्रधान मंत्री मत्स्य सम्पदा योजना (PMMSY) के अंतर्गत आर्टिफिशियल रीफ परियोजना का शुभारंभ किया।**

### न्यू मैंगलोर पोर्ट

- यह पत्तन अक्षय ऊर्जा उत्पादन के मामले में अधिशेष की स्थिति में है।

### कोचीन पत्तन

- यह वर्तमान में ट्रांसशिपमेंट कार्गो को **हैंडल** करने वाले मुख्य पत्तनों में से एक है।

प्रमुख पत्तन

पत्तन

# 2.2. पशुधन क्षेत्रक

**ऊन उत्पादन** ↓ 16.84%

पहले स्थान पर **राजस्थान** है, उसके बाद जम्मू और कश्मीर

**दूध उत्पादन** (श्वेत क्रांति) ↑ 22.81 %

**उत्तर प्रदेश** पहले स्थान पर है। इसके बाद राजस्थान, मध्य प्रदेश और गुजरात का स्थान आता है।

**मांस उत्पादन** (गुलाबी क्रांति) ↑ 20.39 %

**उत्तर प्रदेश** पहले स्थान पर है, उसके बाद पश्चिम बंगाल का स्थान है।




**अंडा उत्पादन** (रजत क्रांति) ↑ 33.31 %

**आंध्र प्रदेश** पहले स्थान पर है। इसके बाद तमिलनाडु, तेलंगाना पश्चिम बंगाल का स्थान आता है।

VISIONIAS
INSPIRING INNOVATION



# CSAT में महारत:
# UPSC प्रीलिम्स के लिए
## एक रणनीतिक रोडमैप

UPSC प्रीलिम्स सिविल सेवा परीक्षा का पहला एवं अत्यधिक प्रतिस्पर्धी चरण है। प्रीलिम्स एग्जाम में ऑब्जेक्टिव प्रकार के दो पेपर होते हैं: सामान्य अध्ययन (GS) और सिविल सर्विसेज एप्टीट्यूड टेस्ट (CSAT)। ये दोनों पेपर अभ्यर्थियों के ज्ञान, समझ और योग्यता का आकलन करते हैं।

पिछले कुछ सालों में CSAT पेपर के कठिन हो जाने से इसमें 33% का क्वालीफाइंग स्कोर प्राप्त करना भी कई अभ्यर्थियों के लिए चुनौतीपूर्ण हो गया है। अतः इस पेपर को क्वालीफाइ करने के लिए अभ्यर्थियों को टाइम मैनेजमेंट के साथ-साथ CSAT में कठिनाई के बढ़ते स्तर के साथ सामंजस्य बिठाना और GS पेपर के साथ संतुलन बनाए रखना बहुत जरूरी है। साथ ही, इसमें गुणवत्तापूर्ण प्रैक्टिस मटेरियल से भी काफी मदद मिलती है। ये सारी बातें एक सुनियोजित रणनीति के महत्त्व को रेखांकित करती हैं।

इंस्टैंट पर्सनलाइज्ड मेंटरिंग के लिए QR कोड को स्कैन करें

## CSAT की तैयारी के लिए रणनीतिक रोडमैप

**शुरुआत में स्व-मूल्यांकन:** सर्वप्रथम पिछले वर्ष के CSAT के पेपर को हल करके हमें अपना मूल्यांकन करना चाहिए। इससे हमें अपने मजबूत एवं कमजोर पक्षों की पहचान हो सकेगी और हम उसी के अनुरूप अपनी तैयारी में सुधार कर सकेंगें।

**स्टडी प्लान:** अधिकतम अंक प्राप्त कर सकने वाले टॉपिक पर फोकस करते हुए एवं विश्वसनीय अध्ययन स्रोतों का चयन कर, एक व्यवस्थित स्टडी प्लान तैयार करें।

**रेगुलर प्रैक्टिस एवं पोस्ट-टेस्ट एनालिसिस:** पिछले वर्ष के पेपर एवं मॉक टेस्ट को हल करके तथा उनका विश्लेषण करके हम एग्जाम के पैटर्न एवं किस प्रकार के प्रश्न पूछे जा रहे हैं, इससे परिचित हो सकते हैं। इस अप्रोच से CSAT के व्यापक सिलेबस को प्रभावी ढंग से कवर करने के लिए एक बेहतर रणनीति तैयार करने में मदद मिलेगी।

**व्यक्तिगत मेंटरशिप प्राप्त करें:** CSAT की बेहतर तैयारी के लिए अपने अनुरूप रणनीति विकसित करने हेतु मेंटर से जुड़ें। इससे आप अपने स्ट्रेस को दूर कर सकेंगे और साथ ही फोकस्ड एवं संतुलित तैयारी कर पाएंगे।

**रीजनिंग:** क्लॉक, कैलेंडर, सीरीज एंड प्रोग्रेशन, डायरेक्शन, ब्लड-रिलेशन, कोडिंग-डिकोडिंग एवं सिलोगिज्म जैसे विभिन्न प्रकार टॉपिक के प्रश्नों का अभ्यास करके अपने तार्किक और विश्लेषणात्मक क्षमताओं को बेहतर बनाएं।

एग्जाम के पैटर्न को समझने एवं प्रश्नों को हल करने के लिए स्टेप-बाय-स्टेप अप्रोच को विकसित करने पर ध्यान केंद्रित करें।

**गणित एवं बेसिक न्यूमेरेसी:** बेसिक कॉन्सेप्ट के रिवीजन एवं रेगुलर प्रैक्टिस के जरिए मूलभूत गणितीय अवधारणाओं पर अपनी पकड़ को मजबूत करें।

तेजी से कैल्कुलेशन करने के लिए शॉर्टकट और मेंटल मैथ टेक्निक का उपयोग करें।

**रीडिंग कॉम्प्रिहेंशन:** नियमित रूप से अखबार पढ़कर अपनी पढ़ने की गति और समझ में सुधार करें। समझ बढ़ाने के लिए पैराग्राफ को संक्षेप में लिखने का अभ्यास करें और उसमें निहित मुख्य विचारों का पता लगाएं।

VisionIAS के CSAT क्लासरूम प्रोग्राम से जुड़कर अपनी CSAT की तैयारी को मजबूत बनाएं। इस कोर्स को अभ्यर्थियों में बेसिक कॉन्सेप्ट विकसित करने और उनकी प्रॉब्लम-सॉल्विंग क्षमताओं एवं क्रिटिकल थिंकिंग को बढ़ावा देने के लिए डिज़ाइन किया गया है। इस कोर्स की मुख्य विशेषताएं हैं- ऑफलाइन/ ऑनलाइन और रिकॉर्ड की गई कक्षाएं, वन-टू-वन मेंटरिंग सपोर्ट और ट्यूटोरियल्स के जरिए नियमित प्रैक्टिस। यह आपको CSAT में महारत हासिल करने की राह पर ले जाएगा।

रजिस्टर करने और ब्रोशर डाउनलोड करने के लिए QR कोड को स्कैन करें

**हमारे ऑल इंडिया CSAT टेस्ट सीरीज एवं मेंटरिंग प्रोग्राम के साथ अपनी तैयारी को और बेहतर बनाएं, जिसमें शामिल हैं:**

- UPSC CSAT के सिलेबस का विस्तार से कवरेज
- वन-टू-वन मेंटरिंग
- फ्लेक्सिबल टेस्ट शेड्यूल और इनोवेटिव असेसमेंट सिस्टम
- प्रत्येक टेस्ट पेपर की विस्तार से व्याख्या
- लाइव ऑनलाइन/ ऑफ़लाइन टेस्ट डिस्कशन एवं पोस्ट टेस्ट एनालिसिस

**VisionIAS से जुड़कर सिविल सेवाओं में शामिल होने की अपनी यात्रा शुरू करें, जहां हमारी विशेषज्ञता और सपोर्ट सिस्टम से आपके सपने पूरे हो सकते हैं।**

# 3. पर्यावरण

## 3.1. पर्यावरण संबंधी शिखर सम्मेलन



### बॉन, जर्मनी

- इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस ऑन केमिकल्स मैनेजमेंट' का पांचवां सत्र (2023)
- **प्रमुख आउटकम:** इस सत्र में पर्यावरण को हानिकारक रसायनों से बचाने के लिए संयुक्त राष्ट्र के एक नए फ्रेमवर्क पर सहमति व्यक्त की गई।

### पेरिस, फ्रांस

- **न्यू ग्लोबल फाइनेंसिंग पैक्ट** के लिए शिखर सम्मेलन (2023)

### जिनेवा, स्विट्ज़रलैंड

- मिनामाता कन्वेंशन के **पक्षकारों का पांचवां सम्मेलन (COP5)** (2023)
- **प्रमुख आउटकम:** पारा अपशिष्ट के लिए एक ऊपरी सीमा पर समझौता।

### वैंकूवर, कनाडा

- **ग्लोबल एन्वायरनमेंट फैसिलिटी (GEF)** की 7वीं बैठक (2023)
- **प्रमुख आउटकम:** "ग्लोबल बायोडायवर्सिटी फ्रेमवर्क फंड" का शुभारंभ

### वाशिंगटन डी.सी., यू.एस.ए.

ग्लोबल बायोडायवर्सिटी फ्रेमवर्क फंड (GBFF) परिषद की पहली बैठक (2024)

### बोगोटा, कोलंबिया

- **नदी डॉल्फिन** वाले 11 एशियाई और दक्षिण अमेरिकी देशों की बैठक (2023)
- **प्रमुख आउटकम:** 2030 तक नदी डॉल्फिन की अपनी तरह की पहली वैश्विक घोषणा-पत्र

### बेलेम, ब्राज़ील

- **अमेजन सम्मेलन (2023)**
- **प्रमुख आउटकम:** बेलेम घोषणा-पत्र

### ब्राज़ाविल, कांगो

- **थ्री बेसिन शिखर सम्मेलन** (2023)
- **अमेजन-कांगो-बोर्नियो-मेकांग-दक्षिण पूर्व एशिया बेसिन** का फाउंडिंग समिट, समिट ऑफ थ्री बेसिन्स, बायोडाइवर्सिटी इकोसिस्टम्स एंड ट्रॉपिकल फॉरेस्ट्स (S3B EBFT)

### नैरोबी, केन्या

- **पहला अफ्रीका जलवायु शिखर सम्मेलन, 2023**
- **प्रमुख आउटकम:** नैरोबी घोषणा-पत्र को अपनाया गया



### दावोस, स्विटजरलैंड

- विश्व आर्थिक मंच की फर्स्ट मूवर्स कोएलिशन (FMC) के नेतृत्वकर्ताओं की बैठक (2023)

